# HINDI

*(Second Language)*
*(Three hours)*

***Answers to this Paper must be written on the paper provided separately.***

*You will **not** be allowed to write during the first 15 minutes.*

*This time is to be spent in reading the question paper.*

***The time given at the head of this Paper is the time allowed for writing the answers.***

---

*This paper comprises two Sections—**Section A** and **Section B**.*

*Attempt **all** the questions from Section **A**.*

*Attempt any **four** questions from Section **B**, answering at least **one** question each from the **two** books you have studied and any **two** other questions.*

*The intended marks for questions or parts of questions are given in brackets [ ].*

---

## SECTION A (40 Marks)

*Attempt **all** questions*

**Question 1**

Write a short composition in **Hindi** of approximately **250** words on any **one** of the following topics :— [15]

निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर हिन्दी में लगभग **250** शब्दों में संक्षिप्त लेख लिखिए :—

**(i)** पश्चिमी सभ्यता के प्रभाव से फैशन एवं प्रदर्शन की प्रवृत्ति बढ़ती जा रही है, जिसके कारण अनेक प्रकार की समस्याओं का जन्म हो रहा है तथा नैतिक मूल्यों का ह्रास हो रहा है। अपने विचारों द्वारा स्पष्ट कीजिये।

**(ii)** "सादगी भी लोगों के दिलों में अमिट छाप छोड़ सकती है," कथन को ध्यान में रखते हुए अपने देश के किसी ऐसे व्यक्तित्व के विषय में लिखिये जिन्होंने 'सादा जीवन उच्च विचार' को आधार मानकर अपना जीवन बिताया, आपके ऊपर उस व्यक्ति का प्रभाव किस प्रकार का रहा यह भी स्पष्ट कीजिये।

**(iii)** योग के माध्यम से हम शरीर तथा मन दोनों को स्वस्थ कर सकते हैं, जीवन में योग की अनिवार्यता तथा उससे मिलने वाले लाभों का वर्णन करते हुए अपने विचार लिखिये।

**(iv)** एक कहानी लिखिए जिसका आधार निम्नलिखित उक्ति हो :—

"मजहब नहीं सिखाता आपस में वैर रखना"

---



© *Copyright reserved.*

10 YEARS QUESTION PAPER.COM

(v) नीचे दिये गये चित्र को ध्यान से देखिए और चित्र को आधार बनाकर उसका परिचय देते हुए कहानी अथवा लेख लिखिये, जिसका सीधा सम्बन्ध चित्र से होना चाहिये।



## Question 2

Write a letter in **Hindi** in approximately **120** words on any **one** of the topics given below :— [7]

निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर **हिन्दी** में लगभग **120** शब्दों में पत्र लिखिये :—

(i) आज टेलीविजन द्वारा विभिन्न चैनलों पर अंधविश्वास तथा तन्त्र-मन्त्र से सम्बन्धित कार्यक्रम दिखाकर जनता को भ्रमित किया जा रहा है। भारत सरकार के सूचना एवम् प्रसारण मंत्री को इसकी जानकारी देते हुए ऐसे कार्यक्रमों पर रोक लगाने का अनुरोध कीजिये।

(ii) आपकी चचेरी बहन जो गाँव में रहती है, उसकी दसवीं के बाद शिक्षा रोक दी गई है अत: उसकी आगे की शिक्षा जारी रखने का निवेदन करते हुए अपने चाचाची को पत्र लिखिये जिसमें नारी शिक्षा की आवश्यकता और उसके लाभों की भी चर्चा कीजिये।


10 YEARS QUESTION PAPER.COM

**Question 3**

Read the passage given below and answer in **Hindi** the questions that follow, using your own words as far as possible :—

निम्नलिखित गद्यांश को ध्यान से पढ़िए तथा उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए। उत्तर यथासंभव आपके अपने शब्दों में होने चाहिए :—

बहुत समय पहले एक गाँव में हरिहर नाम का एक दयालु और सीधा-सच्चा किसान रहता था। वह खेती-बाड़ी का काम करता था। वह पूरा दिन अपने खेत में जी-तोड़ मेहनत करता था और शाम का समय ईश्वर की प्रार्थना में बिताता था। जीवन में उसकी मात्र एक इच्छा थी। वह उडुपि के मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन करना चाहता था। उडुपि दक्षिण कर्नाटक का प्रमुख तीर्थस्थान है। वह अपनी गरीबी के कारण तीर्थयात्रा की इच्छा पूरी नहीं कर पाता था। इसी तरह कुछ वर्ष बीत गए। समय के साथ-साथ हरिहर की आर्थिक स्थिति भी सुधरती गई। अब उसने तीर्थयात्रा की योजना बनाई। उसकी पत्नी ने उसके लिए पर्याप्त भोजन बाँध दिया।

हरिहर तीर्थयात्रियों के एक दल के साथ उडुपि की ओर चल दिया। मार्ग में उसे एक स्थान पर एक बूढ़ा आदमी मिला। उसकी दशा बहुत ही दयनीय थी। वह कई दिनों से भूखा-प्यासा था और पीड़ा के कारण कराह रहा था। जैसे ही हरिहर की नजर उस पर पड़ी, उसका हृदय करुणा से भर गया। उसने बूढ़े के पास जाकर पूछा, "बाबा, क्या तुम भी तीर्थयात्रा करने उडुपि जा रहे हो ?" बूढ़े आदमी ने उत्तर दिया, "मेरा एक बेटा बीमार है और दूसरे बेटे ने भी तीन दिनों से कुछ नहीं खाया। फिर मैं तीर्थयात्रा कैसे करूँ।"

हरिहर समझता था कि दीन-दुखियों की सेवा ही ईश्वर की सबसे बड़ी सेवा है इसलिए उसने उडुपि जाने से पहले उस बूढ़े के घर पहले जाने का निश्चय किया। उसके साथियों ने उसे बहुत समझाया "बहुत मुश्किल से तुमने धन एकत्र किया है, अगर यह नष्ट हो गया तो फिर तुम कभी तीर्थयात्रा नहीं कर पाओगे।" हरिहर पर उनकी बातों का कोई प्रभाव न पड़ा। वह बूढ़े के घर जा पहुँचा। उसने सबसे पहले घर के सभी व्यक्तियों को भरपेट भोजन कराया। फिर वह बीमार बच्चे के लिए दवा ले आया। उसने बूढ़े आदमी को खेत में बोने के लिए बीज भी ला दिए। वह कुछ दिन वहाँ रुका। उसने बूढ़े आदमी के बेटे की सेवा की, जिससे वह कुछ दिनों में स्वस्थ हो गया लेकिन इन सारे कार्यों में उसके सारे पैसे खर्च हो गए।

अब उसने अपनी तीर्थयात्रा बीच में ही छोड़कर वापस घर लौटने का निश्चय किया। उसे उडुपि न जा पाने का बिल्कुल भी दुख न था क्योंकि वह जानता था कि उसने अपना


10 YEARS QUESTION PAPER.COM

सारा धन दीन-दुखियों की सेवा में खर्च किया था। घर पहुँचकर उसने अपनी पत्नी को सारी बातें बता दीं। पत्नी भी इस पर प्रसन्न हुई क्योंकि वह भी धार्मिक स्वभाव की महिला थी। उस रात हरिहर ने सपने में भगवान श्री कृष्ण को देखा, जो उससे कह रहे थे, "हरिहर तुम मेरे सच्चे भक्त हो। तुमने उस बूढ़े आदमी की सहायता की और अपनी इच्छा का बलिदान कर दिया। वह बूढ़ा आदमी कोई और नहीं मैं ही था। तुम्हारी परीक्षा के लिए ही मैं उस बूढ़े आदमी का वेश धारण कर वहाँ आया था। तुम मेरे सच्चे सेवक हो।" इस तरह हरिहर बगैर तीर्थयात्रा पर गए पुण्य का भागीदार बना।

(i) हरिहर क्या काम करता था ? उसकी एकमात्र इच्छा क्या थी ? [2]

(ii) हरिहर को तीर्थयात्रा के मार्ग में कौन मिला ? उसकी क्या स्थिति थी ? [2]

(iii) हरिहर ने बूढ़े व्यक्ति की कैसे सहायता की ? [2]

(iv) हरिहर ने घर लौटने का निश्चय क्यों किया ? वहाँ लौटने पर हरिहर ने क्या स्वप्न देखा ? [2]

(v) इस गद्यांश से आपको क्या शिक्षा मिलती है ? [2]

**Question 4**

Answer the following according to the instructions given :—

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्देशानुसार लिखिए :—

(i) निम्न शब्दों से विशेषण बनाइए :— [1]

लोभ, इतिहास।

(ii) निम्न शब्दों में से किसी एक शब्द के दो पर्यायवाची शब्द लिखिए :— [1]

बादल, स्वतंत्र।

(iii) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं दो शब्दों के विपरीतार्थक शब्द लिखिए :— [1]

उपकार, कोमल, नूतन, स्वामी।

(iv) निम्नलिखित मुहावरों में से किसी एक की सहायता से वाक्य बनाइए :— [1]

अपने पैर पर आप कुल्हाड़ी मारना, बाल-बाल बचना।

(v) भाववाचक संज्ञा बनाइए :— [1]

अधिक, भक्त।


10 YEARS QUESTION PAPER.COM

(vi) कोष्ठक में दिए गए निर्देशानुसार वाक्यों में परिवर्तन कीजिए :—

(a) महाराणा प्रताप के साहस की <u>तुलना नहीं की जा सकती</u> है। [1]

(रेखांकित शब्दों के स्थान पर एक शब्द का प्रयोग कीजिये)

(b) मेरे घर में जो नौकर काम करता है वह भाग गया है। [1]

(सरल वाक्य बनाइये)

(c) राजा का सेवक बहुत बुद्धिमान था। [1]

(लिंग बदलकर वाक्य दोबारा बनाइये)

## SECTION B (40 Marks)

*Attempt **four** questions from this Section.*
*You must answer at least **one** question from each of the **two** books you have studied and any **two** other questions.*

## गद्य-संकलन

**Question 5**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

"ऐसा तो मत कहो, महाराज। उम्र तो बहुत थी। पचास साठ रुपया महीना पेंशन मिलती, तो कुछ और काम कहीं करके गुजारा हो जाता। पर क्या करें ? पाँच साल नौकरी से बैठे हो गए और अभी तक एक कौड़ी नहीं मिली।"

-भोलाराम का जीव-
लेखक—हरिशंकर परसाई

(i) उपर्युक्त कथन किसने, किससे और कब कहा ? [2]

(ii) श्रोता का संक्षिप्त परिचय दीजिये। [2]

(iii) श्रोता को भोलाराम के विषय में वक्ता से क्या पता चलता है ? समझाकर लिखिये। [3]

(iv) वक्ता श्रोता को कौनसा कार्य सिद्ध करने के लिए कहाँ भेजता है और उसका क्या परिणाम निकलता है ? [3]


10 YEARS QUESTION PAPER.COM

**Question 6**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए :—

मैं खिड़की के पास जा कर खड़ा हो गया। बाहर लू चल रही थी। नीचे धरातल पर कुछ लोग आ जा रहे थे..... वे ऊपर से बहुत लाचार और बेचारे लग रहे थे और मेरे मन से सबके लिए सद्भावना की नदियाँ फूट रही थीं.....

-चप्पल-

लेखक—कमलेश्वर

(i) कथन का वक्ता कौन है ? वह अस्पताल क्यों गया था ? [2]

(ii) वक्ता अस्पताल में जाते समय क्या सोचता है ? [2]

(iii) वक्ता को अस्पताल की किस मंजिल पर जाना था ? लिफ्ट में जाते समय उसने किसे और किस दशा में देखा बताइये कि उसके साथ क्या घटना घटी थी ? [3]

(iv) प्रस्तुत कहानी का उद्देश्य लिखिये। [3]

**Question 7**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—
निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए :—

"जब कभी हम वीरों का हाल सुनते हैं तब हमारे अंदर भी वीरता की लहरें उठती हैं और वीरता का रंग चढ़ जाता है। परन्तु वह चिर-स्थायी नहीं होता, इसका कारण सिर्फ यही है कि हममें भीतर दृढ़ता का मलबा तो होता नहीं। सिर्फ ख्याली महल उसके दिखलाने के लिए बनाना चाहते हैं।"

-सच्ची वीरता-

लेखक—सरदार पूर्णसिंह

(i) 'सच्ची वीरता' के सम्बन्ध में लेखक ने क्या बताया है ? [2]

(ii) वीरता का विकास किस प्रकार किया जा सकता है ? तथा बताइये कि वीरता निराली और नई कैसे होती है ? [2]

(iii) 'वीर पुरुषों' की क्या-क्या विशेषताएँ होती हैं ? समझाकर लिखिये। [3]

(iv) मीराबाई तथा महाराज रणजीत सिंह के उदाहरणों द्वारा लेखक ने क्या समझाया है ? स्पष्ट कीजिये। [3]


10 YEARS QUESTION PAPER.COM

## चन्द्रगुप्त विक्रमादित्य

**लेखक—प्रकाश नगायच**

### Question 8

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

"हमें युवराज न कहिए, गुरुदेव ! आज चन्द्रगुप्त की स्थिति वही है जो मगध के एक साधारण नागरिक की है।" चन्द्रगुप्त ने दु:खी स्वर में कहा — "फिर भी आप विश्वास रखिये, मगध चन्द्रगुप्त का है और रहेगा। और केवल मगध ही क्यों, सारा भारतवर्ष उसका है। वह सारे भारत का है। जब तक शरीर में प्राण हैं, वह विदेशियों को भारत की पवित्र भूमि पर पाँव न रखने देगा।"

(i) गुरुदेव कौन हैं ? उनका संक्षिप्त परिचय दीजिये। [2]

(ii) मगध की दशा में क्या परिवर्तन हुआ था तथा क्यों ? [2]

(iii) चन्द्रगुप्त सामर्थ्यवान होते हुए भी मगध की दशा सुधारने के लिए विद्रोह क्यों नहीं करना चाहता था ? समझाकर लिखिये। [3]

(iv) गृह युद्ध से आप क्या समझते हैं ? गृह युद्ध से देश पर क्या प्रभाव पड़ता है ? उपन्यास के आधार पर स्पष्ट कीजिये। [3]

### Question 9

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

"और फिर महादेवी को इसकी चिन्ता क्यों ? आप मगध के विशाल साम्राज्य की महादेवी हैं। आपके एक संकेत पर मगध की सेना ही नहीं, प्रजा भी हँसते-हँसते प्राण निछावर कर सकती है।"

(i) महादेवी किसे कहा गया है ? उसका संक्षिप्त परिचय दीजिये। [2]

(ii) उक्त कथन की वक्ता कौन है ? उसका संक्षिप्त परिचय दीजिये। [2]

(iii) महादेवी चिन्तित क्यों है ? देवसेना उसे क्या कहकर समझाती है ? स्पष्ट कीजिये। [3]

(iv) नारी के जीवन के बारे में महादेवी के क्या विचार हैं ? समझाकर लिखिये। [3]


10 YEARS QUESTION PAPER.COM

**Question 10**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

"उसके लिए चंद्रगुप्त को बुलाने का अर्थ था चंद्रगुप्त से सहायता की भीख माँगना अर्थात् चंद्रगुप्त के आगे झुकना और वह उसे अपना अपमान समझता था। साथ ही उसे सबसे अधिक भय और चिंता ध्रुवस्वामिनी की ओर से थी।''

(i) चंद्रगुप्त को बुलाना क्यों आवश्यक हो गया था ? उसे कौन बुलाना नहीं चाहता था ? [2]

(ii) मंत्रियों तथा सेनाध्यक्षों ने क्या प्रस्ताव रखा और क्यों ? [2]

(iii) चंद्रगुप्त से सहायता माँगना अपमान क्यों समझा जा रहा था ? समझाकर लिखिये। [3]

(iv) रामगुप्त के मन में ध्रुवस्वामिनी की ओर से भय और चिन्ता के क्या कारण थे ? समझाकर लिखिये। [3]

## एकांकी सुमन

**Question 11**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

तुम तो बिना बात ही बिगड़ उठते हो ! देखो, बिरादरी का मामला है। आज तुम न जाओगे उसके यहाँ, तो कल वे भी तुम्हारे यहाँ नहीं आएँगे। आखिर तुम्हें भी तो बेटे-बेटियों की शादी करनी है।

-मेल-मिलाप-

लेखक—देवराज 'दिनेश'

(i) वक्ता कौन है और उसने यह किस संदर्भ में कहा है ? [2]

(ii) वक्ता को बिरादरी की चिंता क्यों है ? वह अपने पति को क्या समझाना चाहती है ? [2]

(iii) श्रोता को वक्ता की बातें अच्छी क्यों नहीं लगतीं ? वह बिरादरी के विषय में क्या कहता है ? [3]

(iv) पास-पड़ोस में रहने के लिए मनुष्य का व्यवहार कैसा होना चाहिये ? तथा इस एकांकी से क्या शिक्षा मिलती है ? [3]


10 YEARS QUESTION PAPER.COM

**Question 12**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

"रोने से उन्हें दु:ख होगा। उन्होंने प्राण दे दिए, पर शासन और जनता का संतुलन ठीक कर दिया। वे शहीद हो गये, पर दूसरों को बचा गए। नगर में अब बिल्कुल शान्ति है। सब मौन सगर्व इन बलिदानों की चर्चा कर रहे हैं। सब शोक संतप्त हैं।"

-सीमा-रेखा-

लेखक—विष्णु प्रभाकर

**(i)** वक्ता कौन है ? उसके अनुसार कौन शहीद हो गया ? [2]

**(ii)** बलिदान किसने दिया ? बताइये उनके बलिदान पर गर्व का अनुभव क्यों किया जा रहा था ? [2]

**(iii)** शासन और जनता के बीच का संतुलन कब बिगड़ता है और उसे कैसे ठीक किया जा सकता है ? अपने विचार व्यक्त कीजिये। [3]

**(iv)** किसी भी प्रजातांत्रिक व्यवस्था में हड़ताल या प्रदर्शन आदि करना कहाँ तक न्यायसंगत है ? समझाकर उत्तर लिखिये। [3]

**Question 13**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

"एक पखवारे से बराबर लड़ाई हो रही है—अतरौलियां, आज़मगढ़, मगहर—हर जगह कुँवरसिंह, हर जगह वह तूफ़ान, मगर गंगा मैया ने कैसी शक्ति उस बूढ़े कुँवरसिंह के बदन में फूँक दी है। बिजली की जोत है कि पल में चकाचौंध चमक कर दे। सावन की झड़ी है कि जो थमने का नाम ही न ले।"

-विजय की वेला-

लेखक—जगदीशचन्द्र माथुर

**(i)** एक पखवारे से क्या तात्पर्य है ? लड़ाई किससे और क्यों हो रही थी ? [2]

**(ii)** 'सावन की झड़ी है कि जो थमने का नाम ही न ले।' पंक्ति से एकांकीकार का क्या तात्पर्य है ? स्पष्ट कीजिये। [2]

**(iii)** यहाँ किसकी और किस प्रकार प्रशंसा की जा रही है ? समझाकर लिखिये। [3]

**(iv)** प्रस्तुत एकांकी के शीर्षक की सार्थकता स्पष्ट कीजिये। [3]



10 YEARS QUESTION PAPER.COM

**Question 14**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

हर परिवर्तन से प्राण-शक्ति ले सकते हैं,
हर शक्ति स्नेह के चरणों पर चढ़ क्यों न जाए
इसलिए उदय का क्षण जो आने वाला है,
पंछी उसमें उल्लास, गीत यदि नहीं गाय-

तो धरती से नभ तक की सारी सृष्टि व्यर्थ,
तो नभ से धरती तक का वातावरण लाज,
तुम उदय काल में मौन नहीं रह जाना मन,
कल के जैसा निकलेगा सूरज अभी आज।

-उदय का क्षण-
कवि—भवानीप्रसाद मिश्र

(i) परिवर्तन का क्या अर्थ है ? परिवर्तन से हम प्राण-शक्ति कैसे प्राप्त कर सकते हैं ? [2]

(ii) उदय के क्षण में क्या-क्या होता है ? कवि ने पक्षियों को क्या करने को कहा है ? [2]

(iii) उदय के क्षण में कवि ने हमें क्या करने के लिए प्रेरित किया है और क्यों ? [3]

(iv) 'कल के जैसा निकलेगा सूरज अभी आज' — पंक्ति के माध्यम से कवि क्या संदेश देना चाहते हैं ? [3]

**Question 15**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—
निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर हिन्दी में लिखिए :—

मेरे नए खिलौने लेकर,
चले न जाएँ वे अपने घर,
चिन्तित हो कह उठा, किन्तु फिर
पूछा शिशु ने उसके बाद ?

-फिर क्या होगा उसके बाद-
कवि—बालकृष्ण राव

(i) मेरे नए खिलौने लेकर····· पंक्तियों द्वारा कवि ने बालक के किस भाव को दर्शाया है, इससे बालक के स्वभाव का कौनसा पक्ष हमारे सामने प्रस्तुत होता है ? [2]



10 YEARS QUESTION PAPER.COM

(ii) बालक अपनी माँ से प्रश्न क्यों पूछ रहा है पिता या किसी अन्य से क्यों नहीं ? [2]

(iii) बच्चे का बार-बार प्रश्न पूछना उसके किस स्वभाव का परिचय देता है? बाल मनोविज्ञान के आधार पर समझाइये। [3]

(iv) इस कविता के माध्यम से कवि ने क्या समझाना चाहा है ? क्या यह सत्य है ? [3]

**Question 16**

Read the extract given below and answer in **Hindi** the questions that follow :—

निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िए और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर **हिन्दी** में लिखिए :—

सच्चा प्रेम वही है जिसकी
तृप्ति आत्म-बलि पर हो निर्भर।
त्याग बिना निष्प्राण प्रेम है,
करो प्रेम पर प्राण निछावर।
देश-प्रेम वह पुण्य क्षेत्र है,
अमल असीम त्याग से विलसित।
आत्मा के विकास से जिसमें
मनुष्यता होती है विकसित।

-स्वदेश प्रेम-

कवि—रामनरेश त्रिपाठी

(i) कवि ने सच्चे प्रेम के विषय में क्या बताया है तथा क्यों ? [2]

(ii) देश-प्रेम से किसका विकास होता है तथा किस प्रकार ? समझाकर लिखिये। [2]

(iii) देश-प्रेम क्या है ? कविता के सन्दर्भ में समझाकर लिखिये। [3]

(iv) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :—

तृप्ति, आत्मबलि, निर्भर, पुण्यक्षेत्र, अमल, विलसित। [3]



10 YEARS QUESTION PAPER.COM